शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र./रा.शि.के./मूल्यांकन/प्रतिभा पर्व/2021-22/ 309 भोपाल, दिनांक : 12/01/22

प्रति,

कलेक्टर
समस्त जिले (म.प्र.)

**विषय- प्रतिभा पर्व मूल्यांकन 2021-22 पूरक निर्देश एवं सतत मूल्यांकन संबंधी निर्देश।**

संदर्भ- राशिके का पत्र क्र. 7090, दिनांक 24.12.2021

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र अनुसार प्रतिभा पर्व मूल्यांकन आयोजित करने हेतु निर्देश जारी किए गए थे। शासन के आदेश क्र. एफ 44-4/2020/20-2, भोपाल दिनांक 28.11.2021 द्वारा कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 50 प्रतिशत क्षमता के साथ कक्षाएं संचालित करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त परिप्रेक्ष्य में प्रतिभा पर्व मूल्यांकन हेतु जारी निर्देशों में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है-

**1. शालाएं खुले रहने की स्थिति में प्रतिभा पर्व मूल्यांकन-**

- राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संशोधित समय-सारणी अनुसार मूल्यांकन प्रक्रिया की जाए। बच्चों द्वारा कक्षावार-विषयवार वर्कशीट्स खण्ड-अ पर कार्य निर्धारित समय-सारणी अनुसार किया जाए।
- खण्ड-ब : प्रोजेक्ट बुकलेट को बच्चे घर से हल: कर निर्धारित समय अवधि में शिक्षक के पास जमा करेंगे।
- दिनांक 13-14 जनवरी 2022 को प्रोजेक्ट बुकलेट प्रदाय करने हेतु सभी बच्चों को शाला में एक साथ न बुलाकर रोस्टर बनाकर इस प्रकार बुलाया जाए कि 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे शाला में एकत्रित न हों
- प्रोजेक्ट बुकलेट बच्चों को घर पर हल करने हेतु देते समय प्रोजेक्ट वर्क के प्रश्नों को हल करने की प्रक्रिया व आवश्यक मार्गदर्शन शिक्षकों द्वारा अनिवार्य रूप से दिया जाए ताकि बच्चों में यह समझ विकसित हो जाए कि क्या करना है? और कैसे करना है?
- प्रोजेक्ट बुकलेट हल करने हेतु शिक्षकों द्वारा अपनी कक्षा के बच्चों के सतत संपर्क में रहकर (फोन/व्यक्तिगत संपर्क द्वारा) प्रोजेक्ट बेस्ड मूल्यांकन प्रक्रिया की सतत मॉनीटरिंग की जाएगी ताकि शतप्रतिशत बच्चों द्वारा प्रोजेक्ट बुकलेट समूचित रूप से पूर्ण की जा सके।
- जनशिक्षक तथा बी.ए.सी. के द्वारा बच्चों से एवं शिक्षकों से संपर्क कर अपने प्रभार की शालाओं में इस प्रक्रिया की सतत मॉनीटरिंग की जाकर समस्त गतिविधियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराई जाएं।
- 50 प्रतिशत उपस्थिति की स्थिति में (पत्र के साथ परिशिष्ट पर संलग्न संशोधित समय- सारणी अनुसार) प्राथमिक शालाओं में एक दिन कक्षा 3 और 4 एवं अगले दिन कक्षा 5 के बच्चों का मूल्यांकन होगा । माध्यमिक शालाओं में प्रथम दिवस कक्षा 6 एवं 7 एवं अगले दिवस कक्षा 8 के बच्चों का मूल्यांकन किया जायेगा ।

- उक्त कार्य में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप शाला प्रधानाध्यापक द्वारा इस प्रकार की व्यवस्था की जाए कि कोविड संक्रमण की स्थिति न बने। इस कार्य हेतु कक्षाशिक्षक-विषयशिक्षक की जिम्मेदारी तय की जाए।

**2. शालाएं पूर्णतः बंद होने की स्थिति में प्रतिभा पर्व मूल्यांकन-** विदित है कि वर्तमान में कोविड संक्रमण का प्रसार तेजी से हो रहा है ऐसी स्थिति में आगामी दिवसों में यदि शालाएं बंद किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो उन परिस्थितियों में प्रतिभा पर्व मूल्यांकन निम्नानुसार होगा-

- शालाएं पूर्णत: बंद होने की स्थिति में गत वर्ष की भांति ही कक्षावार-विषयवार वर्कशीट (खण्ड-अ लिखित कार्य) व कक्षावार प्रोजेक्ट बुकलेट (खण्ड-ब) प्रत्येक बच्चे को जनशिक्षक/कक्षाशिक्षक द्वारा बच्चों को घर पर उपलब्ध कराई जाएगी।
- **मुद्रित बुकलेट्स का बच्चों को वितरण, बच्चों द्वारा पूर्ण बुकलेट्स शिक्षकों को जमा कराना व पूर्ण बुकलेट्स का मूल्यांकन कराने हेतु समय-सारिणी-** कक्षावार दर्ज बच्चों के मान से शिक्षकों द्वारा वर्कशीट व बुकलेट बच्चों को घर पर उपलब्ध कराने, पूर्णकर शाला में जमा कराने व पूर्ण बुकलेट के मूल्यांकन हेतु समय-सारिणी निम्नानुसार रहेगी-

| वर्कशीट व प्रोजेक्ट बुकलेट्स का शालाओं को वितरण | वर्कशीट व प्रोजेक्ट बुकलेट्स का बच्चों को वितरण | बच्चों द्वारा बुकलेट को पूर्ण करना | पूर्ण वर्कशीट व प्रोजेक्ट बुकलेट्स को बच्चों से शाला में जमा कराना | पूर्ण वर्कशीट व प्रोजेक्ट बुकलेट्स को शिक्षकों द्वारा मूल्यांकन करना | शैक्षिक मूल्यांकन प्रपत्र भरना व डाटा एण्ट्री करना |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 जनवरी से पूर्व | 13 से 14 जनवरी 2022 तक | 15 जनवरी से 5 फरवरी 2022 तक | 6 से 15 फरवरी 2022 | 16 से 25 फरवरी 2022 | 25 फरवरी से 10 मार्च 2022 तक |

- **जिले स्तर से मुद्रित वर्कशीट व अन्य मूल्यांकन सामग्री का शालाओं को वितरण-** जिले स्तर से शालाओं को वास्तविक दर्ज संख्या के मान से मुद्रित वर्कशीट तथा प्रोजेक्ट बुकलेट के बंडल एवं अन्य मूल्यांकन सामग्री बी.आर.सी., जनशिक्षक के माध्यम से शालाओं को 13 जनवरी 2022 के पूर्व अनिवार्यत: उपलब्ध कराई जाए।
- **मुद्रित वर्कशीट का बच्चों को वितरण व जमा कराना-** कक्षाशिक्षक द्वारा अपनी कक्षा के प्रत्येक बच्चे को वर्कशीट एवं प्रोजेक्ट बुकलेट की हार्ड कॉपी दिनांक 13 से 14 जनवरी 2022 तक प्रदाय की जाएगी। वर्कशीट पूर्ण कर उक्त समय सारणी अनुसार बच्चे द्वारा अपने कक्षाशिक्षक के पास जमा कराया जाएगा।
- **वर्कशीट को बच्चों को वितरण के समय यह ध्यान रखा जाए-** कि बच्चे को सभी विषयों की वर्कशीट व प्रोजेक्ट बुकलेट एक साथ प्रदान की जाए। वर्कशीट एवं प्रोजेक्ट बुकलेट बच्चों को घर पर हल करने हेतु देते समय उसको हल करने की प्रक्रिया व आवश्यक मार्गदर्शन शिक्षकों द्वारा अनिवार्य रूप से दिया जाए ताकि बच्चों में यह समझ विकसित हो जाए कि क्या करना है? और कैसे करना है?

  बार-बार आने जाने को सीमित करने की दृष्टि से स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप शाला प्रधानाध्यापक द्वारा इस प्रकार की व्यवस्था की जाए कि कोविड संक्रमण की स्थिति न बने। किसी भी स्थिति में पूर्ण की गई वर्कशीट शाला में जमा करने हेतु बच्चे को शाला में न बुलाया जाए।

**3. छात्रावास में रहने वाले बच्चों का प्रतिभा पर्व मूल्यांकन-**

- छात्रावास में रहने वाले बच्चे छात्रावास बंद रहने की स्थिति में प्रतिभा पर्व मूल्यांकन हेतु निर्धारित समय सारणी अनुसार उनके निवास स्थान के नजदीकतम विद्यालय द्वारा वर्कशीट/बुकलेट प्रदाय की जाएगी।
- इन छात्रों की मैपिंग तत्काल निवास के नजदीकतम विद्यालय के साथ कर ली जाए। इसका उत्तरदायित्व हॉस्टल वार्डन एवं सम्बन्धित ब्लॉक के BRC का होगा।

- इस सम्बन्ध में बच्चों एवं उनके पालकों को समय से सूचित करने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित हॉस्टल वार्डन का होगा।
- बच्चों को प्रश्नपत्र सहउत्तरपुस्तिका, निकटतम शाला से सम्बन्धित BRC द्वारा आवश्यक संख्या में फोटो कॉपी करवाकर उपलब्ध करायी जाएगी।
- **कोविड संक्रमण के कारण किसी भी स्थिति में वर्कशीट प्राप्त करने हेतु बच्चों को शाला में न बुलाया जाए।**
- इन छात्रों की हल की गयी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन वर्कशीट प्रदाय करने वाले नजदीकतम विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया जायेगा तथा बच्चों के प्राप्तांक उनके सम्बन्धित विद्यालय (जिस शाला में बच्चे का नाम दर्ज है) में भेजा जायेगा।
- उक्त के विषय में सभी विद्यालयों को सूचना पहुँचाने का दायित्व BRCC एवं CAC का होगा ताकि कोई छात्र मूल्यांकन से वंचित न रहे।
- विद्यालय बंद रहने की स्थिति में हास्टल वार्डन बच्चों के पालकों से स्वयं दूरभाष पर संपर्क करेंगे और बच्चे के निवास के नजदीकतम विद्यालय के शाला प्रमुख तथा उस ब्लॉक के BRCC एवं CAC से समन्वय कर बच्चे के घर वर्कशीट व बुकलेट भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।
- डी.पी.सी. और समस्त बी.आर.सी. का यह उत्तरदायित्व होगा कि वे समस्त शालाओं को इस आशय की सूचना का प्रसार-प्रचार तत्काल करें।

4. कक्षा 1 और 2 का मूल्यांकन -

- कक्षा 1 और 2 के मूल्यांकन में बच्चों को उपलब्ध कराई गयी प्रयास अभ्यास पुस्तिका के अंतर्गत दी गई किन्हीं पांच अभ्यास वर्कशीट के आधार पर मूल्यांकन किया जा सकेगा एवं अभ्यास पुस्तिका (वर्क बुक) में प्रारंभिक पांच वर्कशीट्स का उपयोग किया जाएगा। दोनों वर्कबुक में अंकों का अधिभार तथा पूर्णांक व प्रक्रिया पूर्व में जारी निर्देशानुसार ही होगी।
- स्कूल बन्द रहने की स्थिति में प्रयास एवं अभ्यास पुस्तिका (वर्कबुक) में संलग्न मूल्यांकन वर्कशीट घर में रहकर बड़े भाई-बहिन, माता-पिता आदि की सहायता से बच्चे द्वारा हल की जाएगी तथा उक्त समय-सारणी अनुसार पूर्ण करने के उपरांत शाला में जमा कराई जाएगी। शिक्षकों द्वारा उनका मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम तैयार किया जाएगा।

5. **शालाएं बंद रहने की स्थिति में सतत मूल्यांकन-** शालाएं बंद रहने की स्थिति में सीखने-सिखाने व सतत मूल्यांकन की प्रक्रिया बाधित न हो इस उद्देश्य से निम्नानुसार गतिविधियां की जाएं-

- प्रत्येक कक्षाशिक्षक द्वारा तत्काल अपनी कक्षा में दर्ज बच्चों का सम्पर्क नम्बर अद्यतन कर लिए जाएँ।
- शिक्षकों द्वारा उक्त के संबंध में प्रतिदिन 5 बच्चों से पर सतत रूप से बात की जाए । बच्चों से दूरभाष पर बात करने हेतु इस प्रकार का लक्ष्य रखा जाए कि सप्ताह में न्यूनतम एक बार हर बच्चे से संपर्क हो जाए।
- वे पालक जिनके पास मोबाईल उपलब्ध है शिक्षकों द्वारा फोन पर संपर्क करके डिजीलेप पर प्रदाय की जा रही पाठ्य सामग्री का बच्चों द्वारा सतत अभ्यास करने तथा व्हाट्सएप बेस्ड असेसमेंट अंतर्गत भेजी जा रही क्विज को नियमित रूप से बच्चों द्वारा हल करने के संबंध में चर्चा की जाए।
- शिक्षकों द्वारा बच्चों से डिजिलेप द्वारा वीडियो लेसन की विषयवस्तु पर प्रश्न पूछे जाएं, दक्षता उन्नयन वर्कबुक पर अभ्यास कार्य, एन-1 अभ्यास पुस्तिका में किए गए कार्य के बारे में चर्चा की जाए व बच्चों की कठिनाइयों के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया जाए
- हिन्दी, अंग्रेजी व गणित की अभ्यास पुस्तिका (कक्षा 1, 2 हेतु) तथा एटग्रेड अभ्यास पुस्तिका (कक्षा 3 से 8 सभी विषयों हेतु) में किए गए अभ्यास कार्य व संलग्न मूल्यांकन वर्कशीट में किये गये कार्य के बारे में बातचीत की जाए ,बच्चों की कठिनाइयों के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया जाए, व कठिनाइयों का निराकरण किया जाए।
- शिक्षक बच्चों से दूरभाष पर सम्पर्क करते हुए उनको प्रेरित करें कि एटग्रेड अभ्यास पुस्तिका में दी गई प्रैक्टिस शीट पर नियमित रूप से अभ्यास करें। बच्चों को कहें कि वे विद्यार्थी पुस्तिका में दिए गये पाठ पढ़ें, संलग्न मुल्यांकन शीट को हल करें । इस कार्य में शिक्षक, माता-पिता, बड़े भाई-बहन अथवा मेंटर की सहायता ली जा सकती है । पूर्व में चिन्हित किये गये सभी मेंटर्स को फिर से सक्रिय किया जाए।

- बच्चों को हिन्दी एवं अंग्रेजी के लेखन कार्य की व्हाट्सअप पर जांच की जाए व फीडबैक दिया जाए।
- कक्षा 1 और 2 के बच्चों के पालकों से बातचीत/चर्चा करना :- मौखिक गणित (गिनती-पहाड़े), कविता/कहानी लिखने एवं सुनाने हेतु बच्चों को प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाए। प्रतिदिन एक पेज हिंदी तथा एक पेज अंग्रेजी लेखन नियमित रूप से करने हेतु कहा जाये ताकि उनका लेखन कौशल विकसित होता रहे।
- जिन बच्चों के पास स्मार्टफोन उपलब्ध हो, उन बच्चों से व्हाट्सअप पर वर्कशीट/अन्य किए कार्य की फोटो प्राप्त की जा सकती है और उसे जांचकर ऑनलाइन ही सुधार करके बच्चे को व्हाट्सअप पर उपलब्ध कराया जाए, साथ ही फोन पर बात की जाकर मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।
- बच्चे द्वारा की गई त्रुटियों से बच्चे को अवगत कराया जाए, ताकि बच्चे की त्रुटियों में सुधार हो सके।
- शिक्षक का यह दायित्व होगा कि कोई भी बच्चा मूल्यांकन प्रक्रिया से छूटे नहीं, प्रत्येक बच्चे की सहभागिता सुनिश्चित करने का दायित्व शाला प्रधान, कक्षाशिक्षक, विषय शिक्षक का संयुक्त रूप से होगा

**6. शालाएं बंद रहने की स्थिति में व प्रतिभा पर्व : होम बेस्ड मूल्यांकन व सतत मूल्यांकन की मॉनिटरिंग -**

- प्रत्येक बीआरसी अपने क्षेत्र- अंतर्गत आने वाली शालाओं के जनशिक्षकों से तथा शालाप्रमुख से नियमित रूप से संवाद कर उनके संपर्क में रहेंगे तथा उक्त समस्त प्रक्रियाओं का होना सुनिश्चित करेंगे।
- इसी प्रकार सभी जनशिक्षक अपने क्षेत्रांर्तगत शालाओं से नियमित रूप से संपर्क में रहकर सभी गतिविधियों का अपेक्षानुरूप होना सुनिश्चित करेंगे।
- NAS 2020 के समय जिले स्तर, ब्लॉक स्तर, क्लस्टर स्तर पर मॉनीटरिंग हेतु जिस प्रकार का सिस्टम बनाया गया था, जिस प्रकार के व्हाट्सएप ग्रुप बने थे उन्हें फिर से सक्रिय किया जाए और तदनुसार सतत मॉनीटरिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व जिला परियोजना समन्वयक का होगा।
- सीखने-सिखाने और सतत मूल्यांकन तथा होम बेस्ड प्रतिभा पर्व मूल्यांकन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार्य नहीं की जाएगी।

**कोविड संक्रमण सुरक्षा मापदण्डों का पालन-** उक्त मूल्यांकन प्रक्रियाओं को क्रियान्वित करते समय कोविड-19 संक्रमण से बचाव के नियम सुरक्षा मापदण्डों का पालन सुनिश्चित किया जाए। वार्षिक मूल्यांकन के सबंध में तत्कालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत पृथक से निर्देश जारी किए जाएंगे।

उक्त के संबंध में डी.पी.सी. प्रेस रिलीज जारी करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

*<u>संलग्न - उपर्युक्तानुसार</u>*

12/01/2022

(धनराजू एस.)
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

निरंतर ............

पृ.क्र./रा.शि.के./मूल्यांकन/प्रतिभा पर्व/2021-22/ 310 भोपाल, दिनांक : 12/01/22

प्रतिलिपि :-

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, भोपाल,
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, वल्लभ भवन, भोपाल,
3. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण, भोपाल मध्यप्रदेश,
4. आयुक्त, लोक शिक्षक संचालनालय, गौतम नगर, भोपाल मध्यप्रदेश,
5. आयुक्त, आदिवासी विकास, सतपुड़ा भवन, भोपाल,
6. आयुक्त, जनसंपर्क, मध्यप्रदेश भोपाल,
7. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश,
8. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले मध्यप्रदेश,
9. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग मध्यप्रदेश,
10. प्राचार्य आई.ए.एस.ई. व सी.टी.ई. समस्त मध्यप्रदेश,
11. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, समस्त म.प्र.,
12. प्राचार्य, डाईट, समस्त म.प्र.,
13. जिला परियोजना समन्वयक, समस्त मध्यप्रदेश,
14. म.प्र. एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

12/01/2022

संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

(संशोधित)

राज्य शिक्षा केन्द्र, मध्यप्रदेश, भोपाल

प्रतिमा पर्व मूल्यांकन कार्यक्रम (TIME TABLE) वर्ष 2021–22

परिशिष्ट–अ

| कक्षा 3 एवं 4 | | | | | समयः दोपहर 12:00 से 2:30 बजे तक | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा ↓ | 15.01.2022 | 17.01.2022 | 19.01.2022 | 21.01.2022 | 24.01.2022 | 27.01.2022 | 29.01.2022 | – |
| दिन → | शनिवार | सोमवार | बुधवार | शुक्रवार | सोमवार | गुरुवार | शनिवार | – |
| 3 | *प्रोजेक्ट कार्य हेतु सभी विषयों की बुकलेट बच्चों को प्रदाय करना व पूर्ण करने संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदाय करना | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | गणित | पर्यावरण अध्ययन | अतिरिक्त विषय– सामान्य उर्दू आदि | – |
| 4 | | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | पर्यावरण अध्ययन | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | गणित | अतिरिक्त विषय– सामान्य उर्दू आदि | – |

| कक्षा 5 | | | | | समयः दोपहर 12:00 से 2:30 बजे तक | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा ↓ | 15.01.2022 | 18.01.2022 | 20.01.2022 | 22.01.2022 | 25.01.2022 | 28.01.2022 | 31.01.2022 | |
| दिन → | शनिवार | मंगलवार | गुरुवार | शनिवार | मंगलवार | शुक्रवार | सोमवार | |
| 5 | *प्रोजेक्ट कार्य हेतु सभी विषयों की बुकलेट बच्चों को प्रदाय करना व पूर्ण करने संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदाय करना | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | गणित | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | पर्यावरण अध्ययन | अतिरिक्त विषय– सामान्य उर्दू आदि | – |

| कक्षा 6 एवं 7 | | | | | समयः सुबह 9:00 से 11:30 बजे तक | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा ↓ | 15.01.2022 | 17.01.2022 | 19.01.2022 | 21.01.2022 | 24.01.2022 | 27.01.2022 | 29.01.2022 | 1.02.2022 |
| दिन → | शनिवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार | मंगलवार |
| 6 | *प्रोजेक्ट कार्य हेतु सभी विषयों की बुकलेट बच्चों को प्रदाय करना व पूर्ण करने संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदाय करना | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | गणित | सामाजिक विज्ञान | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) | तृतीय भाषा– सामान्य संस्कृत / उर्दू / मराठी | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | विज्ञान |
| 7 | | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | विज्ञान | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | तृतीय भाषा– सामान्य संस्कृत / उर्दू / मराठी | गणित | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) | सामाजिक विज्ञान |

| कक्षा 8 | | | | | समयः सुबह 9:00 से 11:30 बजे तक | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा ↓ | 15.01.2022 | 18.01.2022 | 20.01.2022 | 22.01.2022 | 25.01.2022 | 28.01.2022 | 31.01.2022 | 2.02.2022 |
| दिन → | शनिवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार | बुधवार |
| 8 | *प्रोजेक्ट कार्य हेतु सभी विषयों की बुकलेट बच्चों को प्रदाय करना व पूर्ण करने संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदाय करना | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | गणित | सामाजिक विज्ञान | तृतीय भाषा– सामान्य संस्कृत / उर्दू / मराठी | विज्ञान | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) |

नोट– निःशक्त विद्यार्थियों को मूल्यांकन निर्देशानुसार अतिरिक्त समय / लेखक अनिवार्यतः प्रदान किया जाए।

* प्रोजेक्ट कार्य प्रदाय करने हेतु बच्चों को शाला में एक साथ न बुलाकर रोस्टर बनाकर अलग–अलग इस प्रकार बुलाया जाए कि 50% से अधिक बच्चे शाला में एकत्रित न हों। सभी विषयों में वर्कशीट के खण्ड ब अंतर्गत दिए प्रोजेक्ट कार्य के प्रश्नों को बच्चे द्वारा घर पर रहकर हल करना है। प्रत्येक कक्षा के सभी विषयों के प्रोजेक्ट कार्य की एकीकृत बुकलेट है।

12/1/22

नियंत्रक मूल्यांकन

राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल